छायांकित $\frac{५}{८}$ भाग से $\frac{२}{८}$ भाग अर्थात् २ आठवें भाग निकाल दिये गये हैं।

फिर देखो, छायांकित भाग के कितने भाग बच रहते हैं ?

छायांकित भाग के ३ भाग बच रहते हैं।

छायांकित बचा भाग पूरे चित्र का कौन सा भाग है ?

छायांकित बचा भाग पूरे चित्र का ३ आठवां या $\frac{३}{८}$ भाग है।

इस प्रकार—

$\frac{५}{८}$ भाग $-$ $\frac{२}{८}$ भाग $=$ $\frac{३}{८}$ भाग

क्रिया-विधि :

$$\frac{५}{८}-\frac{२}{८}=\frac{५-२}{८}=\frac{३}{८}$$

उदाहरण— $\frac{५}{७}$ से $\frac{२}{७}$ घटाओ।

५ सातवा भाग—२ सातवां भाग=३ सातवां भाग

हल— $$\frac{५}{७}-\frac{२}{७}=\frac{५-२}{७}=\frac{३}{७}$$

समान हर की भिन्नों का अन्तर $= \frac{\text{अंशों का अन्तर}}{\text{हर}}$

अभ्यास ५

१. खाली स्थान $\square$ भरो–

(क) $\frac{८}{९} - \frac{५}{९} = \frac{\square - ५}{९} = \frac{\square}{९}$

(ख) $\frac{५}{८} - \frac{३}{८} = \frac{५ - \square}{८} = \frac{\square}{८}$

(ग) $\frac{६}{७} - \frac{३}{७} = \frac{\square - \square}{७} = \frac{३}{७}$

२. घटाओ–

(क) $\frac{७}{८}$ से $\frac{३}{८}$ (ख) $\frac{२}{५}$ से $\frac{१}{५}$ (ग) $\frac{५}{९}$ से $\frac{४}{९}$

३. मान बताओ–

(क) $\frac{२}{३} - \frac{१}{३}$ (ख) $\frac{३}{४} - \frac{१}{४}$ (ग) $\frac{७}{९} - \frac{५}{९}$

विविध अभ्यास

१. अगले पृष्ठ पर दिये चित्रों में छायांकित भाग पूरे चित्र का कौन सा भाग है ?

२. नीचे दिये प्रत्येक चित्र में उसके सामने लिखे भाग को छायांकित करो–

(क) $\frac{२}{९}$ भाग

(ख) $\frac{१}{९}$ भाग

(ग) $\frac{३}{९}$ भाग

३. पूरे में होते हैं,

(क) कितने आधे ?

(ख) कितने चौथाई ?

(ग) कितने तिहाई ?

४. खाली जगह □ भरो–

(क) $\frac{□}{५}=१$ (ख) $\frac{७}{७}=$ □ (ग) $\frac{८}{□}=१$

५. उन भिन्नों को घरो जिनमें अंश, हर से २ कम हो·

$\frac{७}{९}$, $\frac{५}{६}$, $\frac{२}{५}$, $\frac{४}{७}$, $\frac{५}{७}$, $\frac{६}{८}$, $\frac{२}{७}$, $\frac{१}{२}$

६. निम्नलिखित भिन्नों को बढ़ते-क्रम में लिखो–

(क) $\frac{५}{७}$, $\frac{२}{७}$, $\frac{४}{७}$, $\frac{१}{७}$, $\frac{६}{७}$

(ख) $\frac{३}{७}$, $\frac{३}{४}$, $\frac{३}{८}$, $\frac{३}{१०}$, $\frac{३}{५}$

इकाई—७

ज्यामिति

७.१ : पिछले कार्य की पुनरावृत्ति :

निम्नांकित आकृतियों को ध्यानपूर्वक देखो—

१. ऊपर के चित्रों में,

(क) घनाभ आकार की वस्तुओं के ऊपर (√) का चिह्न लगाओ।

(ख) गोलीय वस्तुओं पर (○) का चिह्न लगाओ।

(ग) शंक्वाकार वस्तुओं पर (△) का चिह्न बनाओ।

(घ) बेलनाकार वस्तुओं पर (=) का चिह्न बनाओ।

३. अपने घर की दो घनाभ आकार की वस्तुओं के ना
लिखो।

४. निम्नांकित आकृतियों के सम्मुख त्रिभुज, वर्ग, आय
और वृत्त में जो ठीक हो, लिखो।

५. दो सरल रेखाएं और दो वक्र रेखाएं खींचो।

६. अपनी अभ्यास पुस्तिका के पन्ने पर दो त्रिभुज, द
आयत तथा दो वृत्त बनाओ।

७.२: समतल और वक्र तल :

निम्नांकित वस्तुओं के तलों को देखो और बताओ–

१. ऊपर के चित्रों में बाक्स, गेंद, सेब और मेज में कि
वस्तुओं के तल एक समान, सीधे हैं।
बाक्स तथा मेज के तल एक जैसे हैं। ये तल सीधे
तथा ऊँचे-नीचे न होकर सभी जगह समान हैं। इन
तल समतल कहलाते हैं।

गेंद और सेब के तल एक जैसे हैं। ये ऊँचे-नीच

हैं। इन्हें वक्रतल (टेढ़े-मेढ़े) कहते हैं।

नीचे कुछ वस्तुओं के चित्र दिये हैं, उन्हें देखकर बताओ–

(क) घनाभ में कितने समतल हैं ?

(ख) बेलन में कितने समतल और कितने वक्रतल हैं ?

(ग) गेंद में कितने तल हैं ?

(घ) दफ्ती के टुकड़े में कितने तल हैं ?

(ङ) प्लेट के तल किस प्रकार के हैं ?

वस्तुएँ जिनकी कुछ सतहें समतल तथा कुछ वक्र हैं-

किसी वस्तु का जो भाग दिखायी देता है या स्पर्श किया जा सकता है, तल कहलाता है।

अभ्यास—१

कोष्ठक में दिये गये सही शब्द पर सही (√) का निशान लगाओ–

(क) कमरे की दीवारों के तल (समतल/वक्रतल) हैं।

(ख) डालडा घी के डिब्बे के तल (समतल/वक्रतल/समतल और वक्रतल दोनों) हैं।

(ग) श्याम पट का तल (समतल/वक्रतल) हैं।

(घ) ग्लोब का तल (समतल/वक्रतल) हैं।

७·३ : तल, फलक, कोर और कोना :

दायीं ओर गोले का चित्र है। इसमें एक वक्रतल है, परन्तु कोई कोर अथवा कोना नहीं है।

दायीं ओर का दूसरा चित्र शंकु का है। इसमें एक समतल, एक वक्रतल, एक कोर और एक कोना है।

तीसरा चित्र दियासलाई के डिब्बे का है। इसके सभी तलों को गिनिए, इसमें ६ समतल हैं। इन समतलों को फलक कहते हैं। दियासलाई के डिब्बे में ६ फलक, १२ कोरें और ८ कोने हैं।

अभ्यास २

निम्नांकित वस्तुओं के चित्र देखकर तल, कोर और कोनों की संख्या बताओ।

१. संदूक के तलों की संख्या

संदूक की कोरों की संख्या

संदूक के कोनों की संख्या

२. श्यामपट के तलों की संख्या
श्याम पट की कोरों की संख्या
श्याम पट के कोनों की संख्या

३. नीबू के टुकड़े में तलों की संख्या
नीबू के टुकड़े में कोरों की संख्या
नीबू के टुकड़े में कोनों की संख्या

४. अलमारी के तलों की संख्या
अलमारी की कोरों की संख्या
अलमारी के कोनों की संख्या

७.४ : समतल आकृतियां :

आयत—तुम जानते हो कि दियासलाई या संदूक एक घनाभ के आकार का ठोस है, इसमें ६ समतल होते हैं। प्रत्येक तल आयत के आकार का है। दायीं ओर आयत का चित्र देखो। इसमें चार कोरें तथा

चार कोने हैं। ये कोरें आयत की भुजाएं कहलाती हैं। आमने-सामने की भुजाएं बराबर होती हैं।

वर्ग—दायीं ओर वर्ग का चित्र है। इसमें और आयत में क्या अन्तर है ?

आयत में आमने-सामने की भुजाएं बराबर हैं परन्तु चारों भुजाएं बराबर नहीं हैं जबकि वर्ग की चारों भुजाएं बराबर हैं।

इसमें ४ भुजाएं और ४ कोने हैं।

त्रिभुज—दायीं ओर त्रिभुज का चित्र है। इसमें ३ कोरें और ३ कोने हैं। प्रत्येक कोर को त्रिभुज की भुजा और प्रत्येक कोने को त्रिभुज का शीर्ष कहते हैं।

भुजा कोना

वृत्त—दायीं ओर वृत्त का चित्र है। बताओ इसमें कितनी भुजाएं और कितने शीर्ष हैं।

इसमें न कोई भुजा है और न ही कोई शीर्ष है।

अभ्यास ३

१. निम्नांकित चित्रों में आयत के ऊपर ($\surd$) का चिह्न लगाओ ।

२. निम्नांकित चित्रों में कौन से वर्ग हैं ? उनपर ($\surd$) का चिह्न लगाओ ।

३. निम्नांकित चित्रों में कौन से त्रिभुज हैं ? इन्हें गोले से घेरो ।

४. निम्नांकित चित्रों में जो वृत्त हों उन पर ($\surd$) का चिह्न लगाओ ।

५. खाली जगहों ☐ में उचित संख्या या शब्द लिखो–

(क) एक वर्ग में ☐ भुजाएं और ☐ कोने होते हैं।

(ख) एक त्रिभुज में ☐ भजाएं और ☐ शीर्ष होते हैं।

(ग) ☐ में कोने नहीं होते हैं।

(घ) वर्ग की सभी ☐ बराबर होती हैं।

७.५: बिन्दु और रेखाखण्ड :

दायीं ओर त्रिभुज का चित्र देखो। इसमें ३ भुजाएं और ३ शीर्ष हैं। प्रत्येक शीर्ष एक बिन्दु प्रदर्शित करता है।

बिन्दु को प्रदर्शित करने के लिए एक चिह्न (·) का प्रयोग करते हैं और हिन्दी वर्णमाला के किसी भी अक्षर क, ख, ग, य, र, ल आदि नाम से सम्बोधित करते हैं।

जैसे बिन्दु क को इस प्रकार प्रदर्शित करते हैं।

·
क

अपनी अभ्यास पुस्तिका के पृष्ठ पर दो बिन्दु क और ख के चिह्न लगाओ। अब अपनी पटरी को इस प्रकार रखो कि पटरी का किनारा दोनों बिन्दुओं क और ख को ठीक स्पर्श करे। पुनः अपनी पेंसिल की नोक को बिन्दु क पर रखकर उसे पटरी के साथ-साथ बिन्दु ख तक खिसकाओ।

इस प्रकार बिन्दु क और बिन्दु ख एक सीधी रेखा से जुड़ जाते हैं। इस आकृति को रेखाखण्ड क ख कहते हैं।

अभ्यास ९

१. रेखाखण्ड क ख बनाओ और उस पर कोई तीन बिन्दु दिखाओ।

क ———————————————— ख

२. अगले पृष्ठ के चित्र में रेखाखण्ड क ख पर बिन्दुओं क और ख के बीच कितने बिन्दु दिखाये गये हैं?

क ख

३. निम्नांकित चित्रों को देखकर रेखाखण्डों के नाम लिखो–

७.६ : रेखाखण्ड को नापना :

अपनी पटरी को देखो। उसमें चिह्न लगे हैं चिह्नों पर बराबर दूरी पर १, २, ३, ४ .... लिखे हैं। इन गिनतियों के बीच की दूरी १ सेंटीमीटर है।

एक सेंटीमीटर के बीच बराबर दूरी पर मिलीमीटर के चिह्न हैं।

देखो, एक सेंटीमीटर में कितने मिलीमीटर हैं।

१ सेंटीमीटर=१० मिलीमीटर,

सेंटीमीटर को सेमी और मिलीमीटर को मिमी लिखते हैं।

ऊपर के चित्र में क ख एक रेखाखण्ड दिखाया गया है। इसे पटरी द्वारा नापना है।

अपनी पटरी लो, उसको इस प्रकार रखो कि उसका शून्य (०) बिन्दु क के ठीक नीचे हो और स्पर्श करे। पटरी का वही किनारा रेखाखण्ड क ख के बिन्दु ख को भी स्पर्श करे।

अब देखो, रेखाखण्ड के बिन्दु ख के ठीक नीचे पटरी पर अंकित कौन सा अंक बिन्दु ख को स्पर्श कर रहा है। चित्र में पटरी पर लिखा अंक ८ बिन्दु ख को स्पर्श कर रहा है।

अतः क ख रेखाखण्ड की लम्बाई ८ सेमी हुई।

य ———————— र

प —————————— फ

च ———————————— छ

रेखाखण्ड य र, प फ और च छ की लम्बाइयां नापो। ये क्रमशः ३ सेमी, ४ सेमी और ५ सेमी हैं।

य ———————— र

ऊपर के चित्र में एक रेखा खण्ड य र है। पटरी द्वारा इसकी लम्बाई नापना है।

अपनी पटरी को इस प्रकार रखो कि पटरी का शून्य चिह्न बिन्दु य स्पर्श करे और पटरी का किनारा रेखा खण्ड य र को स्पर्श करे। अब देखो कि बिन्दु र पटरी पर किस चिह्न को स्पर्श कर रहा है।

पटरी में अंक ४ के आगे ६ खानों के आगे का चिह्न बिन्दु र को स्पर्श कर रहा है।

अतः रेखा खण्ड की लम्बाई ४ सेमी ६ मिमी है।

यदि किसी पटरी का शून्य चिह्न मिट गया हो य पटरी का किनारा घिस गया हो या टूट गया हो, त

रेखाखण्ड को किसी दूसरे चिह्न से स्पर्श करते हुए रखकर भी नाप सकते हैं।

देखो, चित्र में पटरी के एक किनारे को इस प्रकार रखा गया है कि पटरी का १ अंक दी हुई रेखाखण्ड के बिन्दु क को स्पर्श कर रहा है। बताओ, पटरी के किनारे का कौन सा अंक बिन्दु ख को स्पर्श कर रहा है।

चित्र में अंक ८ बिन्दु ख को स्पर्श कर रहा है।

इसलिए रेखाखण्ड क ख की लम्बाई

$=(८-१)$ सेमी

$=७$ सेमी

अतः रेखाखण्ड क ख की लम्बाई ७ सेमी है।

७.७: परिमिति या परिमाप :

पृष्ठ १०८ पर त्रिभुज की आकृति को ध्यान से देखो। इसके रेखाखण्ड क ख, ख ग और क ग को नापो।

नापने पर क ख की लम्बाई ६ सेमी. ख ग की लम्बाई ८ सेमी और क ग की लम्बाई ५ सेमी है। इन लम्बाइयों का योग (६+८+५) सेमी =१९ सेमी है। इसे इस त्रिभुज का परिमाप कहते हैं।

ऊपर के आयत में रेखाखण्ड क ख. ख ग, ग घ और घ क की नाप क्रमशः ३ सेमी, ४ सेमी, ३ सेमी और ४ सेमी है। इसका परिमाप (३+४+३+४) सेमी=१४ सेमी है।

इसी प्रकार अन्य त्रिभुज, आयत, वर्ग आदि का भी परिमाप ज्ञात कर सकते हैं।

अभ्यास ५

१. निम्नांकित रेखाखण्डों को पटरी से नापो तथा इनकी नाप लिखो–

(अ) क ———————— ख

(ब) य ———————— र

(स) प ———————— फ

२. निम्नांकित आकृतियों की भुजाओं को नापो–

३. निम्नांकित आकृतियों की परिमाप ज्ञात करो–

७.८: दी गयी नाप का रेखाखण्ड खींचना :

४ सेमी नाप का एक रेखाखण्ड खींचो–

अपनी अभ्यास पुस्तिका के एक पृष्ठ पर एक बिन्दु क अंकित करो। अपनी पटरी के एक किनारे को इस प्रकार रखो कि उसका शून्य (०) चिह्न बिन्दु क को

और उसे पटरी के किनारे के साथ-साथ खिसकाओ। जब तुम्हारी पेंसिल की नोक पटरी के अंक ४ सेमी तक पहुँच जाय तो उसे रोक दो। इस बिन्दु का नाम ख लिखो। इस प्रकार क ख रेखाखण्ड की लम्बाई ४ सेमी है।

अभ्यास ६

निम्नलिखित लम्बाई के रेखाखण्ड खींचो–

(क) ५ सेमी (ग) ७ सेमी

(ख) ८ सेमी ७ मिमी (घ) ६ सेमी २ मिमी

धन (रुपया, पैसा)

८.१ : पिछले कार्य की पुनरावृत्ति :

देखो और पहचानो—

१. खाली जगह भरो—

१ रुपया=१०० पैसे

(क) ३ रुपये=·······पैसे

(ख) १० रुपये का १ नोट=दो रुपये के·······नोट

(ग) २ रुपये+५ रुपये=·······रुपये

(घ) २५ पैसे—·······पैसे=१५ पैसे

२. योगफल ज्ञात करो–

११७ रुपये ३० पैसे और २०० रुपये ५० पैसे का

३. अन्तर ज्ञात करो–

२४१ रुपये ७८ पैसे और १५६ रुपये ६० पैसे का

४. सरला के पास एक रुपये का एक नोट, दो रुपये का एक नोट और पाँच रुपये का एक नोट है, बताओ उसके पास कुल कितने रुपये हैं।

५. करीम के पास दो रुपये हैं। उसने ८० पैसे की कापी और २५ पैसे का एक रबर खरीदा, बताओ उसके पास अब कितने पैसे शेष हैं।

८.२ : रुपये-पैसे को लिखना, पढ़ना :

हमें दैनिक जीवन में किसी धनराशि को शब्दों और अंकों में लिखने की आवश्यकता पड़ती है। जैसे तीन रुपये पचीस पैसे की धनराशि को अंकों में रु० ३·२५ लिखते हैं। यहाँ बिन्दु (·) रुपये और पैसे को अलग करता है। बिन्दु के बायीं ओर की राशि रुपया और बिन्दु के दाहिनी ओर लिखी गयी राशि पैसा बताती है। इसी प्रकार रु० १०·६५ को शब्दों में दस रुपये और पैंसठ पैसे लिखते हैं।

निम्नलिखित को ध्यानपूर्वक देखो–

नीचे रुपयों-पैसों को किस प्रकार लिखा गया है।

१ पैसा	रु० ०·०१
५ पैसे	रु० ०·०५
१० पैसे	रु० ०·१०
२५ पैसे	रु० ०·२५
६५ पैसे	रु० ०·६५
१०० पैसे या १ रु०	रु० १·००
१ रुपये ८ पैसे	रु० १·०८
१ रुपये ४० पैसे	रु० १·४०
५ रुपये ३ पैसे	रु० ५·०३
८ रुपये ६५ पैसे	रु० ८·६५
२५ रुपये ५ पैसे	रु० २५·०५

हम देखते हैं कि

(क) बिन्दु (·) के बायीं ओर रुपये लिखे जाते हैं।

(ख) यदि रुपये नहीं हैं तो बिन्दु के बायीं ओर शून्य लिखा जाता है।

(ग) बिन्दु के दाहिनी ओर पैसे लिखे जाते हैं।

घ) पैसे सदा दो अंकों में लिखे जाते हैं। १ पैसा, २ पैसा, ३ पैसा ···को क्रमशः रु० ·०१, रु० ·०२, रु० ·०३ ···लिखते हैं। इन्हें रु० ·१, रु० ·२, रु० ·३ लिखना अशुद्ध है।

ङ) बायीं ओर रु० लिखते हैं परन्तु दाहिनी ओर पैसा नहीं लिखते हैं, जैसे रु० १५·४५।

अभ्यास १

. निम्नलिखित धनराशियों को शब्दों में लिखो–

रु० ०·३६, रु० १८·२४, रु० १०२·०६

. निम्नलिखित धनराशियो को अंकों में लिखो–

६३ रुपये ११ पैसे, २६ रुपये ६ पैसे

६६ पैसे, ७२ पैसे

.३ : रुपये को पैसे में बदलना

हम जानते हैं कि

१ रुपया =१०० पसे

२ रुपये =२×१०० पैसे = २०० पैसे

७ रुपये =७×१०० पैसे = ७०० पैसे

अतः रुपये को पैसे में बदलने के लिए रुपयों की संख्या में १०० से गुणा करते हैं।

नीचे रुपयों को पैसों में बदला गया है–

रु० १९·०५ = १९ रुपये ५ पैसे
= १९×१०० पैसे+५ पैसे
= १९०० पैसे+५ पैसे
= १९०५ पैसे

रु० २४·३५ = २४ रु० ३५ पैसे
= २४×१०० पैसे+३५ पैसे
= २४०० पैसे+३५ पैसे
= २४३५ पैसे

रुपये-पैसे को पैसों में बदलने के लिए उनके बीच बिन्दु को हटा देते हैं।

अभ्यास २

१. निम्नलिखित धनराशियों को बिन्दु (·) लगाकर लिखो–

५ रुपये, ८ रुपये ६० पैसे, १२ रुपये ६ पैसे

२. निम्नलिखित रुपयों-पैसों को पैसों में बदलो

रु० १९·०८, रु० ३८·१७, रु० ६६·००

८.४: पैसों को रुपयों में बदलना:

ऊपर हमने देखा कि रुपये-पैसे को पैसों में बदलने के

लए उनके बीच के बिन्दु (·) को हटा देते हैं। अतः पैसे
ो रुपये में बदलने के लिए पैसों को प्रदर्शित करने वाली
ख्या में दाहिने से दो अंक गिनकर बिन्दु (·) का चिह्न
गा देते हैं।

ैसे–

३७८५ पैसे = रु० ३७·८५ = ३७ रुपये ८५ पैसे
२६३ पैसे = रु० २·६३ = २ रुपये ६३ पैसे
६० पैसे = रु० ०·६० = ६० पैसे
३ पैसे = रु० ०·०३ = ३ पैसे

बिन्दु के बायें वाली संख्या रुपये और दाहिने वाली संख्या पैसे व्यक्त करती है। यदि पैसे को प्रदर्शित करने वाली संख्या एक अंक की है तो उसके बायीं तरफ शून्य लिखकर दो अंक बना कर बिन्दु ( ) लगाओ।

अभ्यास ३

निम्नलिखित धनराशियों को बिन्दु लगा कर रुपये और पैसे में बदलो–

५ पैसे, ६६ पैसे, १८६ पैसे
३६५ पैसे, १६३८ पैसे, २१०० पैसे

८.५ : रुपये, पैसे का जोड़ :

साधारण संख्याओं के जोड़ की तरह ही रुपये, पैसे का

जोड़ किया जाता है। ध्यान रहे कि बिन्दु (·) के ठीक नीचे, जोड़ी जाने वाली संख्या का भी बिन्दु (·) रखा जायगा। योगफल में भी (·) बिन्दु ऊपर के (·) के ठीक नीचे होना चाहिए।

देखो–

रु०	७·०५	रु०	३·८५
+ रु०	३·९०	+ रु०	१·१५
रु०	१०·९५	रु०	५·००

इसी प्रकार,

		रु०	३·०५
रु०	०·५२	+ रु०	२·८५
+ रु०	०·८०	+ रु०	५·१२
रु०	१·३२	रु०	११·०२

अभ्यास ४

१. योगफल ज्ञात करो

रु०	०·२८	रु०	०·७५
+ रु०	०·१७	+ रु०	२·१३
+ रु०	०·२०	+ रु०	१४·८५

योगफल ज्ञात करो–

रु० २·८०+रु० ४·१३

रु० १·०७+रु० ३·८२+रु० ३·०६

रु० १·३४+रु० २·७४

रु० १·८०+६२ पैसे+६८ पैसे

सईदा ने रु० २·७५ की एक कलम तथा रु० १·२० की एक पेंसिल खरीदी। उसने कुल कितना खर्च किया ?

विमला के पिता ने एक दिन रु० ६३·७५ का चावल, रु० १०·०० की दाल तथा रु० ७·५० की सब्जी खरीदी। उन्होंने कुल कितना धन खर्च किया ?

८.६ : रुपये-पैसे का घटाना :

रुपये-पैसे घटाने की क्रिया साधारण संख्याओं के घटाने की ही भाँति की जाती है। ध्यान रहे कि (.) चिह्न के ठीक नीचे घटाने वाली धनराशि का चिह्न (.) लिखा जाय।

उदाहरण–१ :

अन्तर बताओ–

रु० २०·४५ और रु० १५·३५ का
रु० ५·०८ और रु० ३·४५ का
रु० १२०·७३ और रु० ८००·९६ का

हल :

रु० २०·४५	रु० ५·०८	रु० ८००·९६
–रु० १५·३५	–रु० ३·४५	–रु० १२०·७३
रु० ५·१०	रु० १·६३	रु० ६८०·२३

उदाहरण–२

हरी के पास १९ रुपये ५० पैसे थे। उसने १३ रुपये ७५ पैसे की बनियाइन खरीद ली। अब उसके पास कितना धन बचा ?

हल : रु० १९·५० हरी के पास थे।
–रु० १३·७५ बनियाइन खरीद ली।
रु० ५·७५ बचा।

अतः हरी के पास रु० ५·७५ बचे।

अभ्यास ५

१. अन्तर ज्ञात करो–

रु० ०·६८	रु० १·८७	रु० ७·४७
–रु० ०·३९	–रु० ०·६८	–रु० २·५९
______	______	______
______	______	______

२. अन्तर ज्ञात करो–

(क) रु० ३·६० और रु० २·२८ का

(ख) २४ रुपये ५ पैसे और १०० रुपये का

(ग) ७२ पैसे और ३५ पैसे का

(घ) पचहत्तर रुपये और अस्सी रुपये पाँच पैसे का

(ङ) २ रुपये और ६७ पैसे का

(च) रु० ५८०·१९ और छः सौ रुपये का

३. डेविड के पास कुल १०० रुपये थे। अब उसके पास रु० २०·८० बचे हैं। उसने कितना धन खर्च किया?

४. एक फल विक्रेता से श्याम ने तीन रुपये पचहत्तर पैसे के फल खरीदे। उसने फल विक्रेता को पाँच

रुपये का नोट दिया। बताओ, फल विक्रेता श्याम को कितना धन वापस देगा।

८.७: रुपये पैसे को किसी संख्या से गुणा करना :

उदाहरण–१: एक रबड़ की कीमत रु० ०·३५ है। ऐसे ७ रबड़ों की कीमत क्या होगी ?

हल :

१ रबड़ की कीमत = रु० ०·३५
७ रबड़ों की कीमत = रु० ०·३५×७

```
रु०  ०·३५
      ×७
    -----
रु०  २·४५
    -----
```

अतः ७ रबड़ों की कीमत रु० २·४५ है।

उदाहरण–२: एक किताब की कीमत रु० ८·२५ है। ऐसी ५ किताबों की कीमत क्या होगी ?

हल :

एक किताब की कीमत = रु० ८·२५
५ किताबों की कीमत = रु० ८·२५×५

रु० ८·२५
×५

रु० ४१·२५

अतः ५ किताबों की कीमत रु० ४१·२५ है।

तुमने क्या देखा ? रुपये पैसे में किसी संख्या से गुणा करने की क्रिया साधारण संख्याओं में किसी संख्या से गुणा करने की भाँति है। गुणनफल में दाहिने से दो अंक छोड़कर बिन्दु (·) लगाते हैं। बिन्दु के दाहिने तरफ के अंक पैसे प्रदर्शित करते हैं। बायीं तरफ के अंक रुपये प्रदर्शित करते हैं।

अभ्यास ६

१. दियासलाई के एक डिब्बे की कीमत २५ पैसे है तो १३ दियासलाई के डिब्बों की कुल कितनी कीमत होगी ?

२. बाजार में नमक के एक पैकेट की कीमत रु० १·७५ है तो ७ पैकेटों की कीमत क्या होगी ?

३. एक दर्जन केलों के दाम रु० ७·२० हैं, ८ दर्जन केलों के दाम बताओ।

४. एक अण्डे के दाम ७५ पैसे हैं। ९ अण्डों के दाम बताओ।

५. एक पेन्सिल का दाम रु० १·६५ है। ७ पेन्सिलों के दाम क्या होंगे ?

६. ८ बल्बों की कीमत रु० ५·७० प्रति बल्ब की दर से ज्ञात करो।

७. अगरबत्ती के ५ पैकेटों की कीमत रु० २·३५ प्रति पैकेट की दर से ज्ञात करो।

८ यदि एक किताब की कीमत ५० रुपये २५ पैसे है तो ७ किताबों की कीमत क्या होगी ?

इकाई–९

समय-मापन

९.१ : पिछले कार्य की पुनरावृत्ति :

१. दिये गये घड़ी के चित्र में छोटी सुई क्या बतलाती है ? बड़ी सुई क्या बतलाती है ?

२. ७ बजे घड़ी में घण्टे की सुई ७ पर है। मिनट की सुई किस संख्या पर है ?

३. निम्नलिखित घड़ियों में कितने बजे हैं ?

देखो–

जब मिनट की सुई १२ पर आ जाती है तभी ९, ७, १०, ४ बजते हैं।

सप्ताह के दिन– सोमवार, मंगलवार, बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार, शनिवार, रविवार।

वर्ष के मास– जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितम्बर, अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर।

४. नीचे प्रत्येक के सम्मुख कुछ उत्तर दिये हैं। उनमें से सही उत्तर छाँट कर खाली स्थान भरो–

(क) एक सप्ताह में .... दिन होते हैं ?
(५, ७, १५, ३०)

(ख) १ वर्ष में..........माह होते हैं ?

(६, १२, २४, ३०)

(ग) अगस्त मास में..........दिन होते हैं ?

(२८, २६, ३० ३१)

(घ) १ घण्टा में ......मिनट होते हैं ?

(१२, ६० १००)

५. निम्नलिखित में खाली स्थान भरो–

(क) शनिवार के बाद..........आता है।

(ख) मंगलवार से पहले..........पड़ता है।

(ग) सितम्बर में..........दिन होते हैं।

६. आज बुधवार है तो–

(क) परसों कौन सा दिन था ?

(ख) परसों कौन सा दिन होगा ?

७. (क) यह अगस्त का माह है। इसके बाद कौन सा महीना आएगा ?

(ख) जून माह के पहले कौन सा माह होता है ?

६.२ : समय की इकाई :

ऊपर दिये गये दोनों चित्रों में घड़ी के डायल दिखाये गये हैं। इन पर समान दूरी पर १ से १२ तक की संख्याएं अंकित हैं। दो क्रमागत संख्याओं के मध्य की दूरी ५ समान भागों में बँटी है। इस प्रकार पूरा डायल १२ बड़े-बड़े अथवा ६० छोटे-छोटे समान भागों में बँटा है। प्रत्येक भाग पर चिह्न बना है। पूरे डायल पर ६० चिह्न हैं।

अब दिये गये दोनों चित्रों को ध्यानपूर्वक देखो। पहले चित्र में घण्टे की सुई ३ पर और मिनट की सुई १२ पर है। घड़ी में ३ बजे हैं। दूसरे चित्र में घण्टे की सुई ४ पर और मिनट की सुई पुनः १२ पर है। इस घड़ी में ४ बजे हैं। इस प्रकार तुमने देखा कि १ घण्टे में घण्टे की सुई ३ से ४ पर चली गयी है पर मिनट की सुई डायल का एक चक्कर लगाकर पुनः १२ पर लौट आयी है। अतः १ घण्टे में मिनट की सुई डायल का एक चक्कर लगाती है। मिनट की सुई डायल के ६० भागों को १ घण्टे में चलकर पूरा करती है। अतः बड़ी सुई १ घण्टे या ६०

मिनट में पूरा एक चक्कर घूमती है। यह १ मिनट में एक चिह्न पार करती है।

बहुत सी घड़ियों में ३, ६, ९ और १२ ही अंकित रहते हैं, शेष संख्याओं को इनके बीच अंकित चिह्नों से समझा और पढ़ा जाता है। कुछ घड़ियों के डायलों पर कोई भी संख्या अंकित नहीं रहती है केवल चिह्न ही बने होते हैं।

९.३ : घण्टा-मिनट में समय पढ़ना :

अब अगले चित्रों को ध्यानपूर्वक देखो–

सामने के चित्र में घण्टे की सुई ३ से आगे निकल चुकी है अतः ३ बज चुके हैं। मिनट की सुई १२ से आगे १ पर है। १२ और १ के बीच मिनट के कितने चिह्न हैं ? देखो– १२ और १ के मध्य ५ चिह्न हैं। अतः इस घड़ी के अनुसार समय ३ बजकर ५ मिनट है।

सामने के चित्र में घण्टे की सुई ३ से आगे जा चुकी है तथा मिनट की सुई १२ से आगे ३ पर है अर्थात् यह ३×५ मिनट=१५ मिनट दिखा रही है। अतः यह घड़ी ३ बजकर १५ मिनट का समय बतलाती है। इसे 'सवा तीन बजे' भी कहते हैं।

इस चित्र में घण्टे की सुई ३ से और आगे आ गयी है तथा मिनट की सुई १२ से आगे ५ के अंक पर है। अतः इस घड़ी के अनुसार समय ३ बजकर २५ मिनट है।

इस चित्र में घण्टे की सुई ४ के आगे है अतः ४ बज चुके हैं। मिनट की सुई १२ से ३० चिह्न आगे बढ़कर ६ पर है अतः घड़ी द्वारा व्यक्त समय ४ बजकर ३० मिनट है। इसे 'साढ़े चार बजे' भी कहते हैं।

इस चित्र में घण्टे की सुई ६ से आगे है तथ मिनट की सुई १२ से ४५ खाने आगे बढ़कर ९ पर पहुँच गयी है। अतः इसके अनुसार समय ६ बजकर ४५ मिनट है। अर्थात सात बजने में ६०–४५=१५ मिनट शेष है। इस समय को 'पौने सात बजे' भी कहते हैं।

अब निम्नलिखित चित्रों को ध्यानपूर्वक देखो–

इस चित्र में घण्टे की सुई ४ से आगे चल चुकी है जो यह बतलाती है कि समय ४ से कुछ अधिक हो चुका है। यह अधिक समय मिनट की सुई द्वारा ज्ञात होता है। चूँकि मिनट की सुई १२ से आगे ९ वें चिह्न पर है अतः घड़ी द्वारा बतलाया गया समय ४ बजकर ९ मिनट है।

ऊपर के चित्र में घण्टे की सुई ६ से आगे है अतः ६ बज चुके हैं तथा मिनट की सुई ८ के आगे दूसरे चिह्न पर है अतः यह $८ \times ५ + २ = ४.२$ मिनट बतला रही है। अतः घड़ी द्वारा व्यक्त समय ६ बजकर ४.२ मिनट है।

अभ्यास १

१. निम्नलिखित डायलों को देखो और उनमें दिखाया गया समय बताओ–

२. समय बताओ जब कि–

(क) घण्टे की सुई २ और ३ के बीच तथा मिनट की सुई ५ पर है।

(ख) घण्टे की सुई ७ और ८ के मध्य तथा मिनट की सुई ८ पर है।

(ग) घण्टे की सुई ९ और १० के मध्य तथा मिनट की सुई ९ के २ चिह्न आगे है।

३. निम्नलिखित समयों पर घड़ी के डायल में घंटे तथा मिनट की सुइयां कहाँ होंगी ?

(क) ५ बजे

(ख) ८ बजकर ३० मिनट पर

४. खाली स्थान भरो–

(क) ९ बजने में ३५ मिनट शेष हैं = ८ बजकर ☐ मिनट हैं।

(ख) ४ बजकर ४५ मिनट = ५ बजने में ☐ मिनट शेष हैं।

(ग) ७ बजकर १५ मिनट = ☐ सात बजे हैं।

५. मिनट की सुई २ से ५ तक जाने में कितना समय लेगी ?

६.४ : दिनों को घण्टा और घण्टा को मिनट में बदलना :

तुम जानते हो कि १ दिन में २४ घण्टे होते हैं अतः

२ दिन = २×२४ घण्टे = ४८ घण्टे

५ दिन = ५×२४ घण्टे = १२० घण्टे

अतः दिनों को घण्टों में बदलने के लिए दिनों की संख्या में २४ से गुणा कर देते हैं।

उदाहरण–१ : १ सप्ताह में घण्टों की संख्या ज्ञात करो।

हल : चूँकि १ सप्ताह में ७ दिन होते हैं।

अतः ७ दिन = ७×२४ घण्टे = १६८ घण्टे

उदाहरण–२ :

६ दिन ४ घण्टे के समय को घण्टों में व्यक्त करो।

हल : ६ दिन ४ घण्टे = ६×२४ घण्टे + ४ घण्टे

= १४४ घण्टे + ४ घण्टे

= १४८ घण्टे।

इसी प्रकार तुम जानते हो कि १ घण्टे में ६० मिनट होते हैं।

अतः २ घण्टे = २×६० मिनट = १२० मिनट

२४ घण्टे = २४×६० मिनट = १४४० मिनट

इस प्रकार घण्टों में दिये गये समय को मिनट बदलने के लिए घण्टों की संख्या में ६० से गुणा क देते हैं।

उदाहरण–१ : ५ घण्टे समय को मिनट में बदलो।

हल : ५ घण्टे = ५ × ६० मिनट = ३०० मिनट

उदाहरण–२ : ८ घण्टा ४० मिनट को मिनट में बदलो

हल : ८ घण्टा ४० मिनट = ८ × ६० मिनट + ४० मिन

= ४८० मिनट + ४० मिनट

= ५२० मिनट

अभ्यास २

१. निम्नलिखित दिनों को घण्टों में बदलो–

(क) ६ दिन (ख) १५ दिन

२. निम्नलिखित को मिनटों में बदलो–

(क) ८ घण्टे (ख) १२ घण्टे (ग) १८ घण्टे ४५ मि

३. निम्नलिखित समय को मिनट में बदलो–

(क) ९ घण्टे ४० मिनट।

(ख) १६ घण्टे ५ मिनट।

इकाई–१०

भार-मापन

१०.१ : पिछले कार्य की पुनरावृत्ति :

१ किग्रा = १००० ग्राम

१ निम्नलिखित का योगफल ज्ञात करो–

(क) ४१२ किग्रा और ७ किग्रा

(ख) २०० ग्रा, १७५ ग्रा तथा २ किग्रा

२. एक किसान के पास ५० किग्रा बीज था। उसने पहले खेत में २७ किग्रा और दूसरे खेत में ५ किग्रा

बीज बो दिया। बताओ उसके पास कितना बीज शेष रहा।

३. एक औसत व्यक्ति को संतुलित आहार में पतिदिन निम्नलिखित वस्तुएं चाहिए–

अनाज	४०० ग्रा
दालें	७५ ग्रा
पत्तेदार सब्जी	२०० ग्रा
घी	५० ग्रा
फल	२०० ग्रा
शक्कर	५० ग्रा
दूध	५०० ग्रा

उसके भोजन की कुल मात्रा किग्रा और ग्रा में ज्ञात करो।

४. एक आदमी ने २ किग्रा आलू, ५०० ग्रा पालक, २५० ग्रा मटर तथा १ किग्रा टमाटर खरीदे। उसके द्वारा खरीदी गयी कुल वस्तुओं का भार ज्ञात करो।

५. निम्नलिखित में से प्रत्येक में कितना जोड़ें कि वह १ किग्रा (१००० ग्रा) हो जाय–

(क) ६०० ग्रा (ख) ७५० ग्रा

१०.२ : किलोग्राम को ग्राम में बदलना :

तुम जानते हो कि १ किग्रा=१००० ग्राम

अतः २ किग्रा=२×१००० ग्रा=२००० ग्रा

अतः किलोग्राम को ग्राम में बदलने के लिए किग्रा की संख्या में १००० से गुणा कर देते हैं।

अभ्यास १

१. ३ किग्रा में ग्रा की संख्या ज्ञात करो।

हल : ३ किग्रा=३×१००० ग्रा

=३००० ग्रा

२. किसी वस्तु की तौल ४ किग्रा ३० ग्रा है। इस तौल को ग्रा में व्यक्त करो।

हल : ४ किग्रा ३० ग्रा=४×१००० ग्रा+३० ग्रा

=४००० ग्रा+३० ग्रा

=४०३० ग्रा

३. ६ किग्रा ३५० ग्रा को ग्रा में व्यक्त करो।

निम्नलिखित में रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

४. ३ किग्रा ७०० ग्रा=............ग्रा

५. ७ किग्रा ६० ग्रा=............ग्रा

१०.३ ग्राम को किलोग्राम में बदलना :

तुम जानते हो कि १००० ग्रा = १ किग्रा

२००० ग्रा = १०००ग्रा + १००० ग्रा

= २ किग्रा

अतः किसी वस्तु के ग्राम में दिये गये भार को एक-एक हजार के खण्डों में तोड़कर उसका भार किलोग्राम में ज्ञात कर सकते हैं।

उदाहरण–१ : ४५३६ ग्राम को किलोग्राम में बदलो।

४५३६ ग्राम = ४००० ग्राम + ५३६ ग्राम

= ४ किलो + ५३६ ग्राम

= ४ किलोग्राम ५३६ ग्राम

किग्रा	ग्रा
४	५३६

उदाहरण–२ : २०२५ ग्राम को किलोग्राम में बदलो।

२०२५ ग्राम = २००० ग्रा + २५ ग्रा

= २ किग्रा + २५ ग्रा

= २ किग्रा २५ ग्रा

किग्रा	ग्रा
२	०२५

उदाहरण–३ : १२००० ग्राम को किग्रा में बदलो।

१२००० ग्राम = १२००० ग्रा

किग्रा	ग्रा
१२	०००

= १२ किग्रा

हम देखते हैं कि ग्राम को किलोग्राम में बदलने में दायीं ओर के ३ अंक ग्राम तथा शेष बायीं ओर के अंक किग्रा बताते हैं।

अभ्यास २

१. ३२०० ग्रा भार को किग्रा में व्यक्त करो।

हल : ३२०० ग्रा = ३००० ग्रा + २०० ग्रा

= ३ × १००० ग्रा + २०० ग्रा

= ३ किग्रा २०० ग्रा

२. ४०७५ ग्राम तौल को किग्रा–ग्रा में बदलो।

निम्नलिखित में रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

३. ५१२३ ग्रा = ...किग्रा.............ग्रा

४. ४५५० ग्रा = ...किग्रा.............ग्रा

५. घी के एक डिब्बे की तौल १ किग्रा १७५ ग्रा तथा तेल की बोतल की तौल १२७३ ग्रा है। दोनों में कौन भारी है ?

१०.४: किलोग्राम व ग्राम का जोड़ :

उदाहरण–१ : मनोहर ने बाजार से ६ किग्रा ७५० ग्रा गुड़ और ४ किग्रा २५० ग्रा चीनी खरीदी। बताओ उसने कुल कितना सामान खरीदा।

हल : सबसे पहले ग्रामों को जोड़ने पर–

७५० ग्रा+२५० ग्रा=१००० ग्रा

=१ किग्रा

अतः १ किग्रा+६ किग्रा+४ किग्रा=११ किग्रा

इसे संक्षिप्त रूप में निम्नलिखित ढंग से लिखते हैं–

	किग्रा	ग्रा
	६	७५०
	४	२५०
योग=	११	०००

उदाहरण–२ : रमेश ने ११ किग्रा ८५० ग्रा गेहूँ तथा ३ किग्रा ७५० ग्रा चावल बाजार से खरीदा। खरीदी गयी वस्तुओं का कुल भार ज्ञात करो।

हल: सर्वप्रथम ग्रामों को जोड़ने पर–

८५० ग्रा+७५० ग्रा=१६०० ग्रा

=१००० ग्रा+६०० ग्रा

=१ किग्रा ६०० ग्रा

अब १ किग्रा ६०० ग्रा+११ किग्रा+३ किग्रा

=१ किग्रा +११ किग्रा +३ किग्रा +६०० ग्रा

=१५ किग्रा ६०० ग्रा

या

	किग्रा	ग्रा
	१	६००
	११	०००
	३	०००
योग	१५	६००

किग्रा-ग्रा का जोड़ साधारण जोड़ की भाँति ही किया जाता है।

अभ्यास ३

निम्नलिखित का योगफल ज्ञात करो–

१. ४ किग्रा ६०० ग्रा, २ किग्रा २८५ ग्रा तथा ३ किग्रा ३१५ ग्रा

२. सीता ने निम्नलिखित वस्तुएं बाजार से खरीदीं–

आलू	२ किग्रा ५०० ग्रा
मटर	५०० ग्रा
प्याज	२ किग्रा २५० ग्रा
अमरूद	२ किग्रा

उसके द्वारा खरीदी गयी वस्तुओं का कुल भार ज्ञात करो।

३. रहीम ने १५ किग्रा ८०० ग्रा चावल एक दूकान से और २० किग्रा २५० ग्रा दूसरी दूकान से खरीदा। बताओ उसने कुल कितना चावल खरीदा।

१०.५: किलोग्राम व ग्राम का घटाना :

उदाहरण–१: गीता ने ३ किग्रा ७५० ग्रा अमरूद खरीदे। उसने उनमें से १ किग्रा ३२५ ग्रा अमरूद सीता को दे दिये। बताओ उसके पास बचे अमरूदों का भार कितना है।

सबसे पहले ग्रामों को परस्पर घटाने पर–

हल:

७५० ग्रा–३२५ ग्रा=४२५ ग्रा

तथा किलोग्रामों को परस्पर घटाने पर–

३ किग्रा–१ किग्रा=२ किग्रा

∴ शेष अमरूदों का भार=२ किग्रा ४२५ ग्रा

इसे संक्षिप्त रूप में निम्नलिखित ढंग से लिखते हैं–

	किग्रा	ग्रा
	३	७५०
	–१	३२५
शेष=	२	४२५

उदाहरण–२ : करीम ने ५ किग्रा २५० ग्रा घी बाजार से खरीदा। रास्ते में डिब्बा गिर जाने से १ किग्रा ७५० ग्रा घी शेष बचा। बताओ कितना घी बह गया।

देखो– २५० ग्रा से ७५० ग्रा घटाया नहीं जा सकता है।

अतः ५ किग्रा से १ किग्रा उधार लेने पर–

१ किग्रा+२५०ग्रा=१००० ग्रा+२५० ग्रा

=१२५० ग्रा

अब ग्राम को ग्राम से घटाने पर–

१२५० ग्रा–७५० ग्रा=५०० ग्रा

शेष ४ किग्रा से १ किग्रा घटाने पर–

४ किग्रा–१ किग्रा=३ किग्रा

∴ शेष=३ किग्रा ५०० ग्रा

∴ ३ किग्रा ५०० ग्रा घी बह गया।

इस क्रिया को संक्षिप्त रूप में निम्नलिखित विधि से करते हैं–

	किग्रा	ग्रा
	५	२५०
	–१	७५०
शेष	३	५००

किग्रा-ग्रा का घटाना साधारण घटाने की भाँति ही करते हैं।

उदाहरण–३ : ५ किलोग्राम चीनी में से २ किलोग्राम ३२५ ग्राम चीनी बेच ली गयी। कितनी चीनी शेष बची?

हल :

	किग्रा	ग्रा
	५	०००
	–२	३२५
शेष	२	६७५

अभ्यास ४

१. निम्नलिखित का अन्तर ज्ञात करो–

(क) ५ किग्रा ४०० ग्रा और १ किग्रा २२५ ग्रा का ।

(ख) १८ किग्रा ५०० ग्रा और ६ किग्रा ७५० ग्रा का ।

२. १३ किग्रा से ११ किग्रा ७५० ग्रा घटाओ ।

३. रमेश ने ५ किग्रा अमरूद खरीदे । इनमें से ३५० ग्रा सड़ गये । शेष से ३ किग्रा २५० ग्रा अमरूद उसने बाँट दिये । बचे अमरूदों का भार बताओ ।

४. मोहन को अपने परिवार हेतु ६ किग्रा चीनी की आवश्यकता होती है । उसे राशन कार्ड में ५ किग्रा ५०० ग्रा चीनी मिलती है । बताओ वह कितनी चीनी बाजार से खरीदता है ।

५. रहीम १५ किग्रा ५०० ग्रा गेहूँ पिसाने चला । रास्ते में झोला फट जाने से कुछ गेहूँ गिर गया । चक्की पर शेष गेहूँ की तौल १३ किग्रा ६२५ ग्रा निकली । बताओ कितना गेहूँ रास्ते में गिरा ।

इकाई–११

धारिता-मापन

११.१ : पिछले कार्य की पुनरावृत्ति :

१ लीटर=१००० मिलीलीटर

१. (क) द्रव नापने की सबसे छोटी इकाई ☐ है।

(ख) द्रव नापने की साधारण इकाई ☐ है।

२. निम्नलिखित को जोड़ो–

(क) १२ लीटर, १०६ लीटर तथा ६४ लीटर

(ख) ८० मिली, १४० मिली और ५०० मिली

(ग) ४ ली १५० मिली, २ ली.२५० मिली और
१ ली १०० मिली

३. घटाओ–
(क) १०० ली से ७५ ली
(ख) ३५० मिली से ८० मिली
(ग) ५० ली २०० मिली से ४५ ली ७५० मिली

११.२ : लीटर को मिलीलीटर में बदलना :

तुम जानते हो कि १ लीटर=१००० मिली
३ लीटर=३×१००० मिली
=३००० मिली

लीटर को मिलीलीटर में बदलने के लिए लीटरों की संख्या में १००० का गुणा कर दिया जाता है।

उदाहरण–१ : ७ ली को मिली में बदलो।
हल : ७ ली=७×१००० मिली
=७००० मिली

उदाहरण–२ : ५ ली ३५० मिली को मिली में बदलो।
हल : ५ ली ३५० मिली=५×१००० मिली+३५० मिली
=५००० मिली+३५० मिली
=५३५० मिली।

११.३ : मिलीलीटर को लीटर में बदलना :

उदाहरण—३ : ५००० मिली को ली में बदलो ।

हल : ५००० मिली = ५ × १००० मिली
= ५ ली

अतः मिलीलीटर में दी गयी धारिता को एक-एक हजार के खण्डों में तोड़कर उन्हें लीटर में बदलते हैं।

उदाहरण—४ : मोहन ने डेरी से ३७५० मिली दूध खरीदा। उसके दूध की धारिता ली—मिली में बताओ ।

हल : ३७५० मिली = ३००० मिली + ७५० मिली

ली	मिली
३	७५०

= ३ × १००० मिली + ७५० मिली
= ३ ली ७५० मिली

उदाहरण—५ : ४८३२ मिली को लीटर में बदलो ।

हल :

ली	मिली
४	८३२

४८३२ मिली
= ४००० मिली + ८३२ मिली
= ४ ली ८३२ मिली

हम देखते हैं कि मिलीलीटर को लीटर में बदलने में दायीं ओर के तीन अंक मिलीलीटर तथा बायीं ओर के शेष अंक लीटर बताते हैं ।

अभ्यास १

१. निम्नलिखित में खाली जगह भरो–

(क) ४ लीटर=..................मिलीलीटर

(ख) ६ ली ३५०मिली=..............मिली

(ग) ४३७५ मिली=..........ली..........मिली

(घ) ८२५० मिली=..........ली..........मिली

२. एक ग्वाले ने ५०० मिली के नपने से ७ बार भर कर दूध एक पीपे में डाला। पीपे में दूध का आयतन ली–मिली में मालूम करो।

११.४: लीटर व मिलीलीटर में जोड़ व घटाना :

उदाहरण–१: एक ग्वाले ने १० ली ७५० मिली दूध एक जगह से और दूसरी जगह से ५ ली २५० मिली दूध खरीदा। बताओ उसने कुल कितना दूध खरीदा।

हल:

पहले मिलीलीटरों को जोड़ने पर

७५० मिली+२५० मिली=१००० मिली
=१ ली

अब १ ली+१० ली+५ ली=१६ ली

इस क्रिया को संक्षिप्त रूप में निम्नलिखित ढंग से लिखते हैं–

लो	मिली
१०	७५०
+५	२५०
१६	०००

टाना :

उदाहरण–३ : घटाओ–

६ ली ४०० मिली से ४ ली २५० ली

पहले मिलीलीटरों को घटाने पर–

४०० मिली–२५० मिली=१५० मिली

तथा लीटरों को घटाने पर–

६ ली–४ ली=२ ली

अतः उत्तर=२ ली १५० मिली

इस क्रिया को संक्षिप्त रूप में निम्नलिखित विधि से लिखते हैं :–

ली	मिली
६	४००
–४	२५०
२	१५०

उदाहरण–४ : एक डिब्बे में ५ ली ५०० मिली तेल था। उसमें से २ ली ८५० मिली तेल निकाल लिया गया। बताओ डिब्बे में कितना तेल बचा।

देखो– ५०० मिली से ८५० मिली घटाया नहीं जा सकता है। अतः ५ ली से १ लीटर उधार लेने पर

१ ली+५०० मिली=१००० मिली+५०० मिली
=१५०० मिली

अब १५०० मिली–८५० मिली=६५० मिली

तथा शेष ४ ली–२ ली=२ ली

अतः बचे हुए तेल का आयतन=२ ली ६५० मिली

इस क्रिया को संक्षेप में लिखने पर–

ली	मिली
५	५००
–२	८५०
२	६५०

अभ्यास २

१. निम्नलिखित धारिताओं का योगफल ज्ञात करो–

(क) ५ ली २०० मिली तथा ४ ली ५०० मिली

(ख) ६ ली ३३५ मिली, २ ली ५५० मिली तथा ३ ली ११५ मिली

२. जोड़ो–

(क) ८ ली ८८० मिली, ८ ली ८० मिली तथा ४ ली १२० मिली

(ख) ६ ली १०० मिली और ५ ली ९०० मिली

३. सोहन की गाय ३ ली ४३० मिली तथा बकरी १ ली ७७५ मिली दूध देती है। बताओ, दोनों पशु कुल कितना दूध देते हैं।

४. हरी ने डेरी से ६ लीटर दूध खरीदा। रास्ते में गिर जाने से कुछ दूध बह गया। शेष दूध नापने पर २ ली ४०० मिली निकला। बताओ, कितना दूध बह गया।

५. सोहन सिंह की कार १ ली पेट्रोल से ८ किलोमीटर चलती है। उन्होंने कार में २५ लीटर पेट्रोल डलवाया। बताओ १५५ किमी चलने के बाद कार में कितना पेट्रोल शेष बचा।

६. किसी पेट्रोमैक्स में २ ली ५०० मिली तेल डाला गया जो १ घण्टा जलने में ३०० मिली तेल खर्च करती है। बताओ, ६ घण्टे जलने के बाद पेट्रोमैक्स में कितना तेल बचेगा।

७. एक बड़े पीपे में १५० ली मिट्टी का तेल है। उससे ५ ली के बर्तन से २५ बार तेल निकाला गया किन्तु इस कार्य में १ ली १७५ मिली तेल बह गया। बताओ, पीपे में कितना तेल शेष बचा।

८. रहीम ने दरवाजों पर लगाने के लिए १० लीटर पेण्ट खरीदा। उसने ५ दरवाजों पर १६५० मिली प्रति दरवाजे के हिसाब से पेण्ट लगवा दिया। बताओ, उसके पास कितना पेण्ट शेष बचा।

इकाई–१२

लम्बाई-मापन

१२.१ : पिछले कार्य की पुनरावृत्ति :

१. निम्नलिखित लम्बाइयों को जोड़ो–

(क) १०३ मी, ३१५ मी और १६७ मी

(ख) ४५ सेमी तथा ५५ सेमी

२. घटाओ–

(क) ४९ मी से ४१ मी

(ख) ८० सेमी से ४५ सेमी

१२.२ : मीटर को सेमी में बदलना :

हम जानते हैं कि १ मी=१०० सेमी

∴ ४ मी=४×१००

=४०० सेमी

अतः मीटर में लम्बाई को सेमी में बदलने के लिए मीटर की संख्या को १०० से गुणा कर देते हैं।

उदाहरण–१ : ८ मीटर को सेमी में बदलो।

हल : ८ मी=८×१०० सेमी

=८०० सेमी

उदाहरण–२ : ५ मी ७२ सेमी को सेमी में बदलो।

हल : ५ मी ७२ सेमी=५ मी+७२ सेमी

=५×१०० सेमी+७२ सेमी

=५०० सेमी+७२ सेमी

=५७२ सेमी

उदाहरण–३ : १५ मी ४ सेमी को सेमी में बदलो।

हल : १५ मी ४ सेमी=१५ मी+४ सेमी

=१५×१००सेमी+४ सेमी

=१५०० सेमी+४ सेमी

=१५०४ सेमी

१२.३ : सेंटीमीटर को मीटर में बदलना :

तुम जानते हो कि

१०० सेमी=१ मी

४०० सेमी=४ मी

अतः सेंटीमीटर को मीटर में बदलने के लिए सेमी की संख्या को १००-१०० के खण्डों में तोड़ देते हैं।

उदाहरण—१ : ७०० सेमी को मीटर में बदलो

७०० सेमी=७×१०० सेमी=७ मी

मी	सेमी
७	००

उदाहरण—२ :

८७५ सेमी को मीटर में बदलो।

८७५ सेमी=८०० सेमी+७५ सेमी

=८ मी ७५ सेमी

मी	सेमी
८	७५

हम देखते हैं कि सेंटीमीटर को मीटर में बदलने में दायीं ओर के दो अंक सेमी तथा शेष अंक मीटर बताते हैं।

बड़ी दूरियों का मापन

ऊपर दिये गये चित्र में सड़क के किनारे गड़ा पत्थर यह बतला रहा है कि उस स्थान से कानपुर की दूरी ७८ किलोमीटर है ।

दो स्थानों के बीच लम्बी दूरियों को किलोमीटर मे नापा जाता है । यह दूरी नापने की बड़ी इकाई है । इसे 'किमी' भी लिखते हैं । १ किमी=१००० मी होता है ।

१२.४ : किलोमीटर को मीटर में बदलना :

तुम जानते हो कि १ किमी=१००० मी

अतः २ किमी=२×१००० मी

=२००० मी

अतः किलोमीटरों को मीटर में बदलने के लिए उनकी संख्या में १००० से गुणा कर देते हैं।

उदाहरण–१: ३ किमी ६५० मी को मीटर में बदलो।

हल: ३ किमी ६५० मी = ३×१००० मी + ६५० मी

= ३००० मी + ६५० मी

= ३६५० मी

उदाहरण–२: ८ किमी ५ मी को मीटर में बदलो।

हल: ८ किमी ५ मी = ८ किमी + ५ मी

= ८×१००० मी + ५ मी

= ८००० मी + ५ मी

= ८००५ मी

अभ्यास १

१. निम्नलिखित को मीटर में बदलो–

(क) ५ किमी (ख) ९ किमी (ग) १२ किमी

२. निम्नलिखित में खाली जगह भरो–

(क) ४ मी = ☐ सेमी (ख) ९ मी = ☐ सेमी

३. निम्नलिखित दूरियों को मीटर में बदलो–

(क) ९ किमी ३२५ मी (ख) ७ किमी १५० मी

४. प्रत्येक में कितना जोड़ें कि वह १ मीटर हो जाय–

(क) ५० सेमी (ख) ६५ सेमी (ग) ८५ सेमी

५. निम्नलिखित में खाली स्थान भरो–

(क) ३०० सेमी=............मी.............सेमी

(ख) ८७५ सेमी=............मी.............सेमी

१२.५: मीटर को किलोमीटर में बदलना :

तुम जानते हो कि १००० मी=१ किमी

अब २००० मी=२×१००० मी

=२ किमी

तथा ५००० मी=५×१००० मी

=५ किमी

अतः दिये गये मीटरों को किलोमीटर में बदलने के लिए उन्हें एक-एक हजार के खण्डों में तोड़ देते हैं।

उदाहरण–१: ६५०० मीटर को किमी में बदलो।

यहाँ ६५०० मी=६००० मी+५०० मी

=६×१००० मी+५०० मी

=६ किमी ५०० मी

किमी	मी
६	५००

उदाहरण—२ : ३७५० मी को किमी में बदलो।

यहाँ ३७५० मी = ३००० मी + ७५० मी

किमी	मी
३	७५०

= ३ × १००० मी + ७५० मी

= ३ किमी + ७५० मी

> हम देखते हैं कि मीटर को किलोमीटर में बदलने में दायीं ओर के ३ अंक मीटर तथा शेष बायीं ओर के अंक किलोमीटर बताते हैं।

अभ्यास २

१. निम्नलिखित लम्बाइयों को मीटर-सेमी में बदलो—
(क) २२५ सेमी (ख) ३७५ सेमी (ग) ६४५ सेमी

२. निम्नलिखित को किलोमीटर-मीटर में बदलो—
(क) ११२५ मी (ख) १५०० मी (ग) २७५० मी

१२.६ : जोड़-घटाना :

उदाहरण—१ : ७६ किमी २२५ मी तथा ८५ किमी ३७५ मी को जोड़ो।

पहले मीटरों को जोड़ने पर—

२२५ मी + ३७५ मी = ६०० मी

अब किलोमीटरों को जोड़ने पर–

७६ किमी+८५ किमी=१६१ किमी

अतः योग=१६१ किमी ६०० मी

उपर्युक्त क्रिया को संक्षिप्त रूप में इस प्रकार से लिखते हैं–

	किमी	मी
	७६	२२५
	+८५	३७५
योग=	१६१	६००

उदाहरण–२ : एक आदमी ३४५ किमी ६५५ मी कार से और फिर ८० किमी ३८० मी बस से जाता है। बताओ वह कुल कितनी दूर जाता है।

पहले मीटरों को जोड़ने पर–

६५५ मी+३८० मी=१०३५ मी

=१००० मी+३५ मी

=१ किमी ३५ मी

अब किलोमीटरों को भी जोड़ने पर–

१ किमी ३५ मी+३४५ किमी+८० किमी

=४२६ किमी ३५ मी

किमी	मी
३४५	६५५
+८०	३८०
४२६	०३५

उदाहरण–३ : ४८ किमी ८० मी से ३६ किमी ३५ मी घटाओ ।

संक्षिप्त विधि

किमी	मी
४८	८०
–३६	३५
१२	४५

पहले मीटरों को घटाने पर–

८० मी–३५ मी=४५ मी

अब किलोमीटरों को घटाने पर–

४८ किमी–३६ किमी=१२ किमी

उत्तर =१२ किमी ४५ मी

उदाहरण–४ : ४५ किमी २०० मी से ३७ किमी ६०० मी घटाओ ।

देखो– घटाये जाने वाली दूरी में मीटरों की संख्या ६००, २०० मीटर से अधिक है जिसे घटाया नहीं जा सकता है। इसलिए ४५ किमी से १ किमी उधार लेने पर

१ किमी २०० मी=१००० मी०+२०० मी

=१२०० मी

अब मीटरों को घटाने पर–

१२०० मी–६०० मी=६०० मी

तथा शेष किलोमीटरों को घटाने पर–

४४ किमी–३७ किमी=७ किमी।

संक्षिप्त विधि

किमी	मी
४५	२००
–३७	६००
७	६००

उत्तर : ७ किमी ६०० मी

> मीटर–सेंटीमीटर या किलोमीटर–मीटर का जोड़ और घटाना साधारण जोड़ और घटाने की भाँति ही करते हैं।

अभ्यास ३

१. निम्नलिखित को जोड़ो–

(क) ६२ मी, २८ मी, ७० सेमी, ७२ मी १५ सेमी

(ख) २४ किमी ३५० मी, ४६ किमी २२५ मी

२. घटाओ–

(क) २७ मी से १६ मी २० सेमी

(ख) ७६ किमी २०० मी से ७३ किमी ७०० मी

३. जोड़ो—

(क) १३६ मी १०० सेमी और ६० सेमी

(ख) २३७ किमी ४० मी तथा ३७ किमी २२५ मी

४. १५९ किमी से ११४ किमी ३५० मी घटाओ।

५. सीता की ऊँचाई १ मी ४५ सेमी तथा रीता की ऊँचाई १५७ सेमी है। किसकी ऊँचाई अधिक है और कितनी ?

६. मोहन एक गेंद को ५० मी ५० सेमी दूरी तक फेंक सकता है, रमेश उससे २ मी ८० सेमी अधिक दूर तक फेंक सकता है। रमेश गेंद को कुल कितनी दूर फेंक सकता है ?

७. मोहन ने १० मी ४५ सेमी और करीम ने १२ मी ३० सेमी कपड़ा खरीदा। बताओ दोनों ने कुल कितना कपड़ा खरीदा।

८. बिजली के तार के एक बण्डल में ७५ मी तार था, उसमें से ४५ मी ८० सेमी तार दो खम्भों के बीच बाँध दिया गया। बताओ बण्डल में कितना तार बचा है।

प्रार्थना

वह शक्ति हमें दो दयानिधे, कर्तव्य मार्ग पर डट जावें ।
पर सेवा पर उपकार में हम, जग-जीवन सफल बना जावें ।।१।।

हम दीन-दुखी, निबलों-विकलों के सेवक बन संताप हरें ।
जो हैं अटके भूले भटके, उनको तारें खुद तर जावें ।।२।।

छल-दंभ-द्वेष-पाखण्ड-झूठ-अन्याय से निशि-दिन दूर रहें ।
जीवन हो शुद्ध सरल अपना, शुचि प्रेम सुधारस बरसावें ।।३।।

निज आन-मान मर्यादा का, प्रभु ध्यान रहे अभिमान रहे ।
जिस देश-जाति में जन्म लिया, बलिदान उसी पर हो जावें ।।४।।